Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct flyover bridge at gali no. 52 C of Railway crossing at Banntiulpura in Nainital Udhampur Parliamentary Constituency, Uttarakhand.

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): सभापति महोदया, मैं आभारी हूं कि आपने मुझे एक अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया है । मैं आपके माध्यम से माननीय स्पीकर साहब के जल्दी स्वस्थ होने की प्रभु से प्रार्थना करता हूं ।

महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के नैनीताल जिले के अंतर्गत हल्द्वानी शहर में बनभूलपुरा नाम की एक जगह है, उसके रेलवे क्रॉसिंग के गेट नम्बर 52सी पर एक फ्लाईओवर ब्रिज का होना नितांत आवश्यक है, क्योंकि यह जो सड़क रेलवे क्रॉसिंग को पार करके जाती है, वह चोरगलिया, गोलापार के अतिरिक्त सितारगंज, नानकमत्ता, खटीमा, टनकपुर, चम्पावत, पिथोरागढ़ होते हुए चाइना बॉर्डर और दूसरी तरफ नेपाल बॉर्डर तक जाती है । इसकी वजह से हमारी बहुत सी आपातकालीन सेवाएं भी बाधित हो जाती हैं । वहां तीन-तीन, चार-चार घण्टे जाम लगा रहता है । इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि तुरंत यह फ्लाईओवर ब्रिज बनाया जाना चाहिए, जिससे आम जनता को राहत मिल सके ।